खाटू की याद आई

खाटू की याद आई रोते रोते सो गए,
सपने में श्याम बाबा तेरे दर्शन हो गए,
याद आई याद आई, बाबा तेरी याद आई,
याद आई याद आई, श्याम तेरी याद आई....

कृपा करो श्याम दरश करा के,
भजन सुनाऊ बाबा खाटू में आके,
फागण में आकर बाबा निशाना चढ़ा गए,
सपने में श्याम बाबा तेरे दर्शन हो गए,
खाटू की याद आई......

हारे का सहारा बाबा श्याम कहाये,
सबकी ही नैया को वो पार लगाए,
श्याम प्रेमियों के सारे दुःख दूर हो गए,
सपने में श्याम बाबा तेरे दर्शन हो गए,
खाटू की याद आई...........

राहुल की इच्छा बाबा तुझको सजाऊँ,
ज्योत जलाकर बाबा भोग लगाऊं,
कीर्तन में आकर बाबा कृपा बरसा गए,
सपने में श्याम बाबा तेरे दर्शन हो गए,
खाटू की याद आई............

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30631/title/khatu-ki-yaad-aayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |